सार-समाचार

बाईक सवार बदमाशों ने चेन लूटने का किया प्रयास

कोटा, (निसं)। महावीर नगर थाना इलाके में बाईक सवार बदमाशो द्वारा सड़क पर पैदल जा रही एक महिला की चेन लूटने के प्रयास का मामला सामने आया है, गनिमत रही कि बदमाश महिला की सोने की चेन लूटने में कामयाब नही हो पाये। पुलिस ने बताया कि पिड़िता महिला एक डॉक्टर की पत्नी है, पिड़िता ने शिकायत दी है कि महावीर नगर इलाके में ओपेरा अस्पताल के पास पैदल जा रही थी, तभी बाईक पर आये बदमाशों ने गले पर झपटा मारा और चेन लूटने का प्रयास किया। पुलिस ने बताया कि महिला की सर्तकता के चलते बदमाश अपने मंसुबे में कामयाब नही हो पाये, चेन स्नेंचिग का प्रयास असफल रहा है। पिड़िता की रिपोर्ट पर मामला दर्ज किया गया है, घटनास्थल के आस-पास लगे सीसीटीवी फुटैज खंगाले जा रहे है अज्ञात बदमाशों की तलाश शुरू कर दी है

घर-घर पीले चावल देकर भगवान परशुराम शोभायात्रा में करेगी आमंत्रित

कोटा, (निसं)। ब्राह्मण कल्याण परिषद महिला प्रकोष्ठ द्वारा भगवान परशुराम प्राकट्य महोत्सव को भव्य एवं ऐतिहासिक बनाने के उद्देश्य से सनाढ्य समाज भवन में एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में बड़ी संख्या में महिलाओं ने भाग लिया और एक स्वर में अधिक से अधिक परिवारों को शोभायात्रा से जोड़ने का संकल्प लिया। बैठक में निर्णय लिया गया कि महिला प्रकोष्ठ की सदस्याएं घर-घर जाकर पीले चावल देकर परिवारों को शोभायात्रा में सम्मिलित होने का आमंत्रण देंगी। साथ ही यह भी तय किया गया कि शोभायात्रा में सभी महिलाएं पीली साड़ी एवं पुरुष भगवा वस्त्र धारण कर सहभागिता करेंगे, जिससे आयोजन की भव्यता और आकर्षण बढ़ेगा। महिला संभागीय अध्यक्ष डॉ. शीला तिवारी ने संबोधित करते हुए कहा कि सभी महिलाएं हाथ में फरसा, भजन , मांगलिक गीत गाते हुए शोभायात्रा में सबसे आगे चलेंगी, जो शक्ति और संस्कार का प्रतीक होगा। उन्होंने कहा कि किसी भी शोभायात्रा की वास्तविक शोभा महिलाएं होती हैं और समाज की सबसे बड़ी ताकत भी महिलाएं ही हैं। बैठक में उपस्थित सभी महिलाओं ने इस शोभायात्रा को स्वाभिमानी शोभायात्रा के रूप में आयोजित करने का संकल्प लिया और इसके सफल आयोजन हेतु पूर्ण समर्पण के साथ कार्य करने का विश्वास दिलाया।

वरिष्ठजन कल्याण समिति सभा, कार्यकारिणी बैठक संपन्न

कोटा, (निसं)। सत्र 2026-28 की वरिष्ठजन कल्याण समिति सभा/कार्यकारिणी बैठक ऑफिसर्स क्लब नयापुरा कोटा में गत दिवस संपन्न हुई बैठक की अध्यक्षता अध्यक्ष 26-28 राजेंद्र कुमार गौड़ ने पूर्व सेवानिवृत्त जिला जज गजेंद्र कुमार गौड़ के सानिध्य की। अध्यक्ष गौड़ ने शाब्दिक स्वागत करते हुए अपनी भावी योजनाएं विशेष कर ऑर्थोपेडिक जागरूकता भाषण के कैंम्प के बारे में बताया। स्वपरिचय सदस्यों ने दिया। प्रचार-प्रसार सचिव एस.के.अग्रवाल ने इस सत्र में बने नवीन सदस्यों की सूची का वाचन किया जिन्हें अध्यक्ष, पूर्व अध्यक्ष परमार व महासचिव द्वारा दुपट्टा पहनाकर सम्मानित किया गया। आय-व्यय विवरण ऑडिट रिपोर्ट कोषाध्यक्ष सुखविंदर सिंह कपूर ने सदन के समक्ष रखी जिसका अनुमोदन सर्व समिति से हुआ। अजय ओबेरॉय ने चित्तौड़ अधिवेशन के बारे में जानकारी दी, बताया कि प्रात:08.00 बजे 4 अप्रैल को बस से दल रवाना होगा। जोगणिया माता दर्शन कर 1.00 बजे चित्तौड़ पहुंचेंगे। महासचिव हाड़ा ने पंचकर्म चर्म रोग निदान शिविर का आयोजन पुनर्नव आयुर्वेद पंचकर्म एवं स्किन केयर हॉस्पिटल, 826 महावीर नगर-II पर आगामी 19 अप्रैल को प्रात: 9.00 बजे से आमजन के लिए किया जाएगा जिसमें वरिष्ठजन भी लाभ उठा सकेंगे

रोगी की पीड़ा देख टेक्निशियन रविन्द्र का मन हुआ द्रवित

कोटा, (निसं)। टीम जीवनदाता का सेवा और समर्पित भाव से मदद का सिलसिला जारी है। ऐसे में एक भर्ती मरीज को ओ पॉजीटिव एसडीपी उपलब्ध कराई गई है। लायंस क्लब कोटा टेक्नो के निदेशक व टीम जीवनदाता के संरक्षक व संयोजक भुवनेश गुप्ता ने बताया कि खानपुर निवासी शांति बाई को ओ पॉजीटिव एसडीपी की आवश्यकता थी, मरीज का बेटा महेन्द्र मीणा परेशान हो रहा था, गर्मी में वह यहां से वहां अन्य ब्लड बैंकों में भटकता रहा, लेकिन डोनर नहीं मिला। टीम जीवनदाता से सम्पर्क किया गया, यह पूरा परिदृश्य अपना ब्लड सेंटर के टेक्निशियन रविन्द्र मालव देख रहे थे, उसके बाद मालव का मन द्रवित हुआ और उन्हें आश्वस्त किया कि उनका काम हो जाएगा और टेक्निशियन रविन्द्र मालव ने 26वीं बार एसडीपी डोनेशन कर पीड़ित को राहत पहुंचाने का प्रयास किया। रविन्द्र मालव इसी तरह से कई बार मरीज को एसडीपी उपलब्ध करा चुके हैं। उनके इस सेवा के भाव को देखकर मरीज के परिजन बेदत भावुक हो गए और मालव की सेवा के लिए आभार जताया।

प्रतीक्षा चेरिटेबल फाउंडेशन ने जेल अधीक्षक को सौंपे पंखे

कोटा, (निसं)। मानवीय सेवा को ध्यान में रखते हुए गर्मियों को देखते हुए प्रतीक्षा चेरिटेबल फाउंडेशन कोटा खंडेला की ओर से जेल अधीक्षक भै सिंह राठौड़ व जेलर महेश शर्मा की उपस्थिति में एक सराहनीय पहल के तहत कोटा सेंट्रल जेल में पंखों का दान किया गया। प्रतीक्षा चेरिटेबल फाउंडेशन की अध्यक्ष प्रतीक्षा पारीक ने बताया कि यह एक छोटा सा प्रयास ज र है, लेकिन इससे कई लोगों को राहत मिलेगी। आने वाले कुछ ही दिनों में कौशल विकास के अंतर्गत भी कई महत्वपूर्ण कार्य किए जाएंगे, जिससे समाज के उत्थान और सुधार की दिशा में सकारात्मक बदलाव देखने को मिलेंगे।

राजस्थान ब्राह्मण महासभा की शहर कार्यकारिणी घोषित

बूंदी(निसं) । राजस्थान ब्राह्मण महासभा की संवैधानिक शक्तियों का प्रयोग करते हुये जिलाध्यक्ष मिथलेश दाधीच की सहमति से शहरअध्यक्षअशोक शर्मा ने शहर कार्यकारिणी की घोषणा की। घोषित कार्यकारिणी में उपाध्यक्ष अजय त्यागी, अनिल चतुर्वेदी, एडवोकेट राजेन्द्र दाधीच, गुरूदत्त शर्मा, ममता शर्मा (खुनेटिया) दिनेश शर्मा, मुकुट शर्मा , महामंत्री-युवराज गौतम, भैरूप्रकाश शर्मा (कम्पांडर) सुनील शर्मा (झाकल), स्वातिदाधीच मंत्री संजीव उपाध्याय, बृजेश गौतम, अमन गौतम, अजय शर्मा, आशीष शर्मा, पवन गौतम, अमित शर्मा, नवनीत गौतम नीटू संगठन मंत्री , अभिषेक शर्मा (एडवोकेट), महर्षि दाधीच, अनमोल दाधीच, कार्यकारिणी सदस्य- सत्यनारायण श्रृंगी, सुरेश श्रृंगी, कृष्ण मुरारी गौतम, सारंग दाधीच, महेश शर्मा वैध, पं. यशरत्न शर्मा, सुनील सिखवाल (लीलेडा)।

भक्ति, भजन और भंडारे के महासंगम से सराबोर हुआ श्री पर्वता हनुमान मंदिर

- उमड़ा आस्था का महाकुंभ, 5000 से अधिक भक्तों ने ग्रहण की प्रसादी

कोटा, (निसं)। कोटड़ी स्थित सुप्रसिद्ध और प्राचीन श्री पर्वता हनुमान मंदिर में आयोजित दो दिवसीय हनुमान जयंती महोत्सव श्रद्धा, भक्ति और अपार जन-उत्साह के साथ ऐतिहासिक ऊंचाईयों को छूते हुए संपन्न हुआ। इस पावन अवसर पर समूचा क्षेत्र अध्यात्म के रंग में रंगा नजर आया और मंदिर परिसर में सुबह से लेकर देर रात तक भक्तों का सैलाब उमड़ा रहा। आयोजन के दौरान जय श्रीराम और जय बजरंगबली के गगनभेदी उद्घोषों से वातावरण गुंजायमान रहा, जिससे ऐसा प्रतीत हो रहा था मानो साक्षात देवलोक की छटा धरती पर उतर आई हो। दो दिनों तक चले इस धार्मिक अनुष्ठान का समापन एक विशाल जन-भंडारे के साथ हुआ, जिसमें 5000 से अधिक श्रद्धालुओं ने बेहद अनुशासित ढंग से पंक्तिबद्ध होकर महाप्रसादी ग्रहण की और प्रभु का आशीर्वाद प्राप्त किया। महोत्सव के प्रथम चरण में 2 अप्रैल को ब्रह्ममुहूर्त में भगवान मारुति नंदन का वैदिक विधि-विधान और सस्वर मंत्रोच्चार के बीच पंचामृत अभिषेक किया गया।

विद्वान पंडितों के सानिध्य में संपन्न हुए इस अभिषेक के पश्चात प्रभु का अलौकिक और दिव्य श्रृंगार किया गया, जिसकी छटा देखते ही बन रही थी। स्वर्ण और रजत आभूषणों के साथ फूलों के विशेष श्रृंगार ने भक्तों को मंत्रमुग्ध कर दिया। इसके उपरांत भगवान को छप्पन भोग का भव्य नैवेद्य अर्पित किया गया। दोपहर के समय श्रद्धालुओं द्वारा सामूहिक रूप से किए गए सुंदरकांड और हनुमान चालीसा के पाठ ने संपूर्ण परिसर को सकारात्मक ऊर्जा से भर दिया। संध्याकाल में आयोजित भव्य महाआरती के बाद भजन संध्या का आगाज हुआ, जिसमें आमंत्रित सुप्रसिद्ध भजन गायकों ने एक से बढ़कर एक भक्तिमय प्रस्तुतियां दीं। देर रात तक चले इस सांस्कृतिक एवं धार्मिक कार्यक्रम में भक्त भक्ति रस में डूबकर झूमते और नृत्य करते नजर आए। महोत्सव के दूसरे दिन 3 अप्रैल को कार्यक्रम अपनी भव्यता के चरम पर रहा। शाम 6 बजे प्रभु को विशेष भोग लगाने के पश्चात विशाल आम भंडारे का शुभारंभ किया गया। मंदिर प्रबंधन की ओर से की गई चाक-चौबंद व्यवस्थाओं के बीच हजारों की संख्या में पुरुषों, महिलाओं और बच्चों ने पूरी श्रद्धा के साथ भोजन प्रसादी ग्रहण की। भंडारे का यह सिलसिला देर रात तक अनवरत चलता रहा, जो मंदिर के प्रति जन-मानस की अगाध श्रद्धा को प्रदर्शित कर रहा था।

मंदिर के पुजारी महेंद्र एवं करण ने जानकारी देते हुए बताया कि हनुमान जयंती महोत्सव प्रत्येक वर्ष हर्षोल्लास के साथ मनाया जाता है, लेकिन इस वर्ष भक्तों की सहभागिता और सहयोग ने इसे एक नया स्वरूप प्रदान किया है। उन्होंने इस सफल आयोजन के लिए सभी सेवाभावी कार्यकर्ताओं और क्षेत्रवासियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि हनुमानजी की कृपा से यह महोत्सव भविष्य में भी इसी प्रकार सेवा और समर्पण का केंद्र बना रहेगा।

आरपीएफ ने काठगोदाम एक्सप्रेस में चोरी हुआ सामान महिला यात्री को लौटाया

कोटा, (निसं)। काठगोदाम एक्सप्रेस में यात्रा के दौरान महिला यात्री का चोरी हुए सामान को रेलवे सुरक्षा बल भरतपुर पोस्ट द्वारा ऑपरेशन अमानत के तहत कार्यवाही करते हुए बरामद किया गया। जिसे महिला यात्री को सकुशल वापस किया गया।

वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक सौरभ जैन ने बताया कि रेल मदद पर शिकायत प्राप्त होने पर उप-निरीक्षक शीतल सिंह चौहान, आरक्षक सुरेशचंद एवं आरक्षक राकेश सिंह मीना को भरतपुर स्टेशन के आउटर पर तत्काल तैनात किया गया। सतर्क आरपीएफ दल ने ट्रेन के आउटर से निकलते समय एक संदिग्ध व्यक्ति को शयनयान श्रेणी के कोच के दरवाजे पर खड़ा देखा। स्टाफ को नजदीक देख वह व्यक्ति पर्स छोड़कर अंधेरे का फायदा उठाकर फरार हो गया। आरपीएफ दल ने तत्काल पर्स जप्त कर पोस्ट पर सुरक्षित रखा। बरामद पर्स में एक मोबाइल फोन, पेन ड्राइव, बैंक पासबुक, एटीएम कार्ड, पैन कार्ड, आधार कार्ड सहित अन्य दस्तावेज एवं सामान मिले जिनकी कुल कीमत लगभग 20,000 आँकी गई। महिला यात्री हिना कैसेर, उत्तर प्रदेश को समस्त सामान गवाहों के समक्ष सुपुर्द किया गया।

गर्वित जैन ने बढ़ाया नैनवां का मान

बूंदी (निसं)। राजस्थान माध्यमिक शिक्षा बोर्ड की कक्षा 12वीं (वाणिज्य संकाय) के घोषित परिणामों में नैनवां के छात्र गर्वित जैन ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 94.20 प्रतिशत अंक प्राप्त कर बूंदी जिले में द्वितीय स्थान हासिल किया है। इस उपलब्धि से क्षेत्र में खुशी और गर्व का माहौल है।

गर्वित जैन, जो कि महेंद्र जैन के सुपुत्र हैं, ने अपनी मेहनत, लगन और निरंतर अध्ययन से यह सफलता प्राप्त की। उनकी इस उपलब्धि पर परिवार, गुरुजनों और नगरवासियों ने हर्ष व्यक्त करते हुए उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

अवैध मादक पदार्थ सहित दों आरोपी गिरफ्तार

कोटा, (निसं)। नान्ता पुलिस टीम ने इलाके में गश्त के दौरान कार्यवाही करते हुए अवैध मादक पदार्थ 925 ग्राम डोडा पोस्त सहित दो आरोपियों को गिरफ्तार किया। पुलिस टीम ने कार्यवाही करते हुए ट्रेलर भी जप्त किया हैं। शहर पुलिस अधीक्षक तेजस्वनी गौतम ने बताया कि नान्ता थाने के थानाधिकारी महेश कुमार (आर.पी.एस. प्रो.) मय जाप्ता इलाके में गश्त व चैकिंग करते हुए पत्थर मंडी से एनएच -27 नान्ता कट के पास पहुंचे, जहां सड़क पर एक ट्रेलर खड़ा हुआ था जिसके अन्दर केबिन में दो व्यक्ति बैठे थे। शहर एसपी ने बताया कि पुलिस टीम ने संदेह होने पर दोनो को डिटेन कर तलाशी ली तो पुलिस को अवैध मादक पदार्थ 925 ग्राम डोडा पोस्त मिला।

लायंस क्लब कोटा के सदस्यों ने समझा संसद संचालन का स्वरूप

- प्रधानमंत्री संग्रहालय, राष्ट्रपति भवन व लोकसभा कार्यवाही का अवलोकन

कोटा, (निसं)। लायंस क्लब कोटा के सदस्यों ने सद्भावना यात्रा के तहत राजधानी दिल्ली पहुंचकर देश की लोकतांत्रिक कार्यप्रणाली को करीब से समझा। इस दौरान उन्होंने संसद भवन में लोकसभा की कार्यवाही का प्रत्यक्ष अवलोकन किया और जाना कि सदन में किस प्रकार कार्य संचालित होते हैं।

क्लब अध्यक्ष सोनल नंदवाना ने बताया कि लगभग 50 सदस्यों के प्रतिनिधिमंडल ने लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला से शिष्टाचार भेंट कर संसदीय प्रक्रियाओं पर संवाद किया। इसके पश्चात सदस्यों ने सुबह 11 बजे से दोपहर 2 बजे तक लोकसभा की कार्यवाही को दर्शक दीर्घा से देखा, जिससे उन्हें पक्ष-विपक्ष की भूमिका, सांसदों की सहभागिता तथा पत्रकारों एवं अतिथियों की व्यवस्था के बारे में विस्तृत जानकारी मिली।

नंदवाना ने बताया कि इस सद्भावना यात्रा का उद्देश्य आपसी भाईचारे, मित्रता और लायनिज्म की भावना को सुदृढ़ करना था, जिसमें क्लब पूरी तरह सफल रहा। यात्रा के दौरान सदस्यों ने प्रधानमंत्री संग्रहालय, राष्ट्रपति भवन, नेशनल वॉर मेमोरियल, इंडिया गेट तथा भारत मंडपम का भ्रमण भी किया। राष्ट्रपति भवन में सदस्यों ने भव्य दरबार हॉल (गणतंत्र मंडप) और अशोक हॉल (अशोक मंडप) की वास्तुकला को निहारा, वहीं मुगल गार्डन में खिले रंग-बिरंगे पुष्पों ने सभी का मन मोह लिया। संसद भवन के भ्रमण के दौरान सदस्यों ने नए भवन में उपलब्ध आधुनिक एवं हाईटेक सुविधाओं का अवलोकन किया। विभिन्न संसदीय कार्यों के लिए बनाए गए अलग-अलग कार्यालयों की सुव्यवस्थित व्यवस्था ने सभी को प्रभावित किया। विशेष प से महिला सदस्यों में इस अनुभव को लेकर उत्साह और रोमांच देखने को मिला।

जैन ओली तपस्या की हुई पूर्णाहुती

बूंदी(निसं)। जैन श्वेतांबर मूर्तिपूजक संघ द्वारा बड़े ही श्रद्धा, भक्ति एवं अनुशासन के साथ संपन्न की जा रही पावन जैन ओली जी की तपस्या की पूर्णाहुती हुई। नौ दिनों तक चले इस आध्यात्मिक अनुष्ठान में श्रद्धालुजनों ने पूर्ण समर्पण के साथ धर्म आराधना, उपवास, एकासन, आयंबिल, स्वाध्याय, जाप एवं ध्यान के माध्यम से अपने आत्मबल को जागृत किया। यह नौ दिवसीय तपस्या केवल शारीरिक संयम का प्रतीक नहीं, बल्कि आत्मशुद्धि, कर्म निर्जरा एवं आध्यात्मिक उन्नित का श्रेष्ठ मार्ग है। तपस्वियों ने अपने व्यस्त जीवन से समय निकालकर धर्ममार्ग पर चलने का जो संकल्प लिया, वह पूरे समाज के लिए अत्यंत प्रेरणादायक है।

इस अवधि में मंदिरों में विशेष पूजन, प्रवचन, स्तुति एवं सामूहिक आराधना का दिव्य वातावरण बना रहा, जिससे संपूर्ण क्षेत्र धर्ममय हो गया। इस पावन तपस्या की पूर्णता पर सभी तपस्वीयो ने विधिपूर्वक पारणा कर अपनी साधना को पूर्ण किया। पारणा का यह क्षण अत्यंत भावपूर्ण एवं महत्वपूर्ण होता है, जिसमें तपस्वी भगवान के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करते हुए नए संकल्प और ऊर्जा के साथ आगे बढ़ते हैं। तपस्या करने वाले तपस्वीगण में कुशल सिंह, शशि चौधरी, अमिता भंडारी, विद्या भंडारी, राजा भंडारी, अल्का छाजेड़, शुचिता छाजेड़, नम्रता, विनीता छाजेड़, अनुपमा भड़कतिया, मीनाक्षी कोठारी, नवरत्न कोठारी बिंदु भड़कतिया शांता बुलिया शामिल है। इस पुण्य तपस्या का आयोजन कराने का सौभाग्य रमेश कुमार, शकुंतला, आदित्य अंशुल भंडारी परिवार को प्राप्त हुआ।

नाम परिवर्तन

मैंने अपना पुराना नाम SHYAM SWROOP ROHIRA से बदलकर नया नाम SHYAM SWAROOP ROHIRA रख लिया है। भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना पहचाना जावे।

पता-श्याम स्वरूप रोहिड़ा पुत्र भगत राम, मकान नम्बर जी-7 साबरमती कालोनी कैथूनीपोल कोटा

आम सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे अभिभाषणार्थी अजय कुमार पुत्र श्री गेहीमल जी, निवासी सी-119, तलवण्डी, कोटा के साथ उनके पुत्र गुलशन कुकरेजा व पुत्रवधु भारती कुकरेजा का व्यवहार सही नहीं है और उनके आचरण से परेशान होकर मेरे अभिभाषणार्थी द्वारा उन्हें अपनी सम्पत्ति आदि से बेदखल किये जाने हेतु कार्यवाही करने का निर्णय लिया है इसलिए अब इन दोनों व्यक्तियों से कोई भी व्यक्ति यदि कोई व्यवहार या लेनदेन करता है तो इन दोनों के निजि रूप में दायित्व समझते हुये करे अन्यथा मेरे अभिभाषणार्थी का अब इन दोनों के किसी भी कार्य से कोई लेना देना नही है। सूचित हो।

कोटा

दिनांक 3.4.26 भवदीय

अमरीश बलरिया , एडवोकेट

32 जोड़े बंधे दाम्पत्य सूत्र में, जन सहयोग से दिए उपहार

- सर्ववर्गीय सामूहिक विवाह सम्मेलन में सर्वजाति के लोगों ने किया कन्यादान, बने धर्म के माता-पिता
- श्री मंशापूर्ण हनुमान मंदिर प्रबंध समिति का तीन दिवसीय श्री हनुमान जन्मोत्सव संपन्न

कोटा, (निसं)। श्री मंशापूर्ण हनुमान मंदिर प्रबंध समिति की ओर से श्री हनुमान जन्मोत्सव के अवसर पर शुक्रवार को निशुल्क सर्वजातीय सामूहिक विवाह सम्मेलन का आयोजन किया गया। सम्मेलन में सर्वसमाज के विभिन्न भामाशाहों के द्वारा 32 वधुओं का कन्यादान किया गया। समिति के अध्यक्ष जयप्रकाश तुसिया ने बताया कि कन्यादान करने के लिए सबसे बड़ी बोली अशोक शाक्यवाल की 1.30 लाख में छूटी। इसके बाद विशाल भंडारा आयोजित किया गया। जिसमें 70 हजार से अधिक लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। शिक्षा मंत्री मदन दिलावर तथा लाड़पुरा विधायक कल्पना देवी भी वर-वधु को आशीर्वाद देने पहुंचे।

32 जोड़ों के सामूहिक विवाह सम्मेलन में गणेश स्थापना, तोरण, वरमाला, पाणिग्रहण तथा कन्यादान के कार्यक्रम सम्पन्न हुए। इस दौरान विभिन्न दानदाताओं के सहयोग से कन्याओं को आकर्षक उपहार दिए गए। सम्मेलन स्थल पर सुबह से ही जोड़ों का आना प्रारंभ हो गया था। दोपहर होते होते तो सम्मेलन स्थल छावनी बाजार खचाखच भर गया था। प्रात: गणेश पूजन की परंपरा निभाने के बाद सभी जोड़ों की सामूहिक बैंडबाजे के साथ निकासी निकाली गई। जो गोयल धर्मशाला से प्रारम्भ होकर छावनी बाजार स्थित मंशापूर्ण बालाजी मंदिर पर संपन्न हुई। यहां एक साथ तोरण और वरमाला कराई गई। इस दौरान तालियों और शुभकामनाओं का दौर चलता रहा। पुरोहित संजय चतुर्वेदी के पौरोहित्य में पंडितों द्वारा वैदिक मंत्रों पर फेरे और पाणिग्रहण का कार्यक्रम संपन्न कराया गया। सर्वसमाज की ओर से विभिन्न कन्याओं का कन्यादान किया गया। श्री हनुमान जन्मोत्सव और सामूहिक विवाह सम्मेलन में 35 से अधिक संस्थाओं का सहयोग रहा।

इस अवसर पर अध्यक्ष जयप्रकाश तुसिया, सचिव योगेश कोटिया, उपाध्यक्ष कमल शाक्यवाल, कोषाध्यक्ष नितेश सिंह, सह कोष अध्यक्ष राहुल शाक्यवाल, गजानंद जैन, ओम जैन, चंद्रशेखर, गिरिश, तेजेन्द्र सिंह, नरेंद्र तुसिया, सुरेश, लोकेंद्र, सिमरनजीत, योगेंद्र, जसप्रीत, जितेंद्र, तरुण समेत बड़ी संख्या में भक्त मौजूद रहे।

चालान काटने को लेकर व्यापारी व ट्रैफिक कांस्टेबल में हुआ विवाद

- हंगामे की सूचना पाकर यातायात पुलिस निरीक्षक देवेश भारद्वाज भी मौके पर पहुंचे और मामले को शांत कराने का काफी प्रयास किया, हंगामा शांत कराने के दौरान भावुक हो गये और भावुकता मे बोल दिया कपडे फाड लो, इससे ज्यादा क्या तब जाकर मामला शांत हुआ

कोटा, (निसं)। शहर के घोड़े वाले बाबा चौराहे पर चालान काटने को लेकर व्यापारी व ट्रैफिक कांस्टेबल के बीच विवाद का मामला सामने आया है। चालान काटने को लेकर विवाद इतना बढ गया कि मौके पर काफी भीड एकत्र हो गई। हंगामे की सूचना पाकर यातायात पुलिस निरीक्षक देवेश भारद्वाज भी मौके पर पहुंचे और मामले को शांत कराने का काफी प्रयास किया, हंगामा को शांत कराने के दौरान भावुक हो गये और भावुकता मे बोल दिया कपडे फाड लो, इससे ज्यादा क्या तब जाकर मामला शांत हुआ।

वही हंगामे की सूचना पाकर यातायात पुलिस उप अधीक्षक अशोक कुमार भी मौके पर पहुंचे और पूरे मामले की जानकारी ली। यातायात पुलिस निरीक्षक देवेश भारद्वाज ने कहा कि एक व्यापारी मुकेश कार से जा रहा था, व्यापारी ने सीट बेल्ट भी नही लगा रखी थी और मोबाईल पर बात भी कर रहा था, घोड़े वाले सर्किल पर तैनात यातयात कांस्टेबल अभिषेक ने कार सवार व्यापारी को रोका और ड्राइविंग के दौरान सीट बेल्ट नही लगाने व मोबाईल पर बात करने का चालान बनाया तो व्यापारी नाराज हो गया और कार से उतरकर कांस्टेबल से अपशब्द कहने लगा, जिसका कांस्टेबल ने विरोध किया दोनो के बीच झडप की स्थिति बन गई।

यातायात निरीक्षक ने बताया कि हंगामे की सूचना पर मौके पर पहुंचे और मामले की जानकारी ली और व्यापारी से समझाइश की मौके पर जमा भीड व व्यापारी को समझाने के दौरान भावुक भी हो गये। यातायात निरीक्षक ने बताया कि काफी समझाइश के बाद मामला शांत हुआ।

ईथॉस हॉस्पिटल में दो विशेषज्ञ डॉक्टर शामिल

कोटा, (निसं)। शहर के प्रमुख मल्टीस्पेशलिटी सेंटर ईथॉस हॉस्पिटल ने अपनी चिकित्सा सेवाओं को और सुदृढ़ करते हुए दो विशेषज्ञ डॉक्टरों को टीम में शामिल किया है। अस्पताल प्रबंधन का कहना है कि इस पहल से मरीजों को अत्याधुनिक तकनीक आधारित, अधिक सटीक और प्रभावी उपचार की सुविधा उपलब्ध होगी। अस्पताल के यूरोलॉजी विभाग में डॉ. गजेन्द्र नागर ने बतौर कंसल्टेंट कार्यभार संभाल लिया है। वे पूर्व में जयपुर स्थित सवाई मान सिंह हॉस्पिटल से जुड़े रहे हैं और किडनी स्टोन, प्रोस्टेट व अन्य जटिल मूत्र रोगों के उपचार में विशेष अनुभव रखते हैं। वहीं, डायग्नोस्टिक सेवाओं को और मजबूत करने के उद्देश्य से रेडियोलॉजिस्ट डॉ. अजीत पाल सिंह भी अस्पताल से जुड़े हैं।

जन सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि M/s Fenesta Building Systems (A Division of DCM Shriram Limited) Aluminium Extrusion and Surface Finish Plant स्थित डीसीएम श्रीराम कॉम्प्लेक्स, कोटा श्रीराम नगर, तहसील लाडपुरा, जिला कोटा, राजस्थान के लिए पर्यावरण स्वीकृति राज्य पर्यावरण प्रभाव आंकलन प्राधिकरण (SEIAA) राजस्थान द्वारा पत्र संख्या RJ 24/SEAC (106)min/0090 य दिनाँक 28.02.2026 के माध्यम से प्रदान की गई है, जिसकी सामान्य के विविध क्रमांक 10. 1 के अनुपालन में यह जन सूचना प्रकाशित की जा रही है।

उक्त पर्यावरण स्वीकृति की प्रति राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण मण्डल एवं पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय की वेबसाइट https://parivesh.nic.in पर भी देखी जा सकती है।

परियोजना प्रस्तावक

M/s Fenesta Building Systems (A Division of DCM Shriram Limited)

श्रीराम कॉम्प्लेक्स, कोटा श्रीराम नगर

तहसील लाड़पुरा, जिला कोटा

कार्यालय नगर पालिका कापरेन जिला बून्दी (राज.)

क्रमांक न.पा.का./2025/03 **आपत्ति सूचना** दिनांक-2.4.2026

सर्व साधारण को सूचित किया जाता हैं कि श्रीमती मंजू रानी पत्नि श्री राजेश कुमार जैन निवासी कापरेन जिला बून्दी द्वारा पालिका मे ऑनलाईन आवेदन पत्र प्रस्तुत कर कृषि भूमि नियमन का पट्टा क्रमांक 198 दिनांक 26.12.2003 क्षेत्रफल 50 गुणा 84 = 4200 वर्गफुट अर्थात् 466.66 वर्गगज का श्री मनीष अग्रवाल आ. श्री ओमप्रकाश अग्रवाल के नाम से बना हुआ हैं। जिसका पंजीयन किया हुआ हैं। श्री मनीष अग्रवाल द्वारा जर्ये रजिस्टर्ड दिनांक 31.01.2014 को श्री ओमप्रकाश आ. श्री हीरालाल मीणा निवासी कोटा को विक्रय कर दिया गया हैं। जिसका श्री ओमप्रकाश मीणा द्वारा पालिका में नामान्तरण दर्ज नही करवाया गया हैं। श्री ओमप्रकाश मीणा द्वारा रजिस्टर्ड श्रीमती मंजू रानी पत्नि श्री राजेश कुमार को जर्ये रजिस्टर्ड विक्रय कर दिया हैं। श्रीमती मंजू रानी द्वारा रजिस्टर्ड क्रय किये गये पट्टे को स्वयं के नाम पालिका रिकोर्ड में नामान्तरण दर्ज करवाना चाहती हैं। जिनके सम्बन्ध में दस्तावेजों की जांच की जा रही हैं।

अतः उक्त के सम्बन्ध में जिस किसी भी व्यक्ति को कोई भी आपत्ति हो तो वह अपनी आपत्ति 07 दिवस में कार्यालय नगरपालिका कापरेन में प्रस्तुत कर सकते हैं। अवधि पश्चात् आपत्ति स्वीकार नहीं होगी।

अधिशाषी अधिकारी नगर पालिका कापरेन

कार्यालय नगर निगम, कोटा

क्रमांक-न.नि.को./भ.नि.अनु./जोन-द्वितीय/2026/291-92 दिनांक- 2.4.26

भू-उपयोग परिवर्तन बाबत सार्वजनिक विज्ञप्ति

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदकगण 1. श्री इन्द्रजीत सिंह पुत्र श्री सरदार अमरजीत सिंह 2. श्री दसविन्द्र सिंह पुत्र श्री सरदार अमरजीत सिंह 3. श्री अमरजीत सिंह पुत्र श्री करम सिंह 4. श्रीमती कंवलजीत कौर पत्नी श्री अमरजीत सिंह निवासीगण-स्टेशन रोड, भीमगंजमण्डी कोटा द्वारा नगर निगम, कोटा में आवेदन प्रस्तुत कर क्षेत्रफल 873.36 वर्गफीट नाम आवासीय से मिश्रित प्रयोजनार्थ भूउपयोग परिवर्तन चाहा गया है। उक्त भूखण्ड का आवंटन नगर निगम कोटा-उत्तर द्वारा पट्टा क्रमांक 6015 दिनांक 06.07.2023 को आवेदकगण 1. श्री इन्द्रजीत सिंह पुत्र श्री सरदार अमरजीत सिंह 2. श्री दसविन्द्र सिंह पुत्र श्री सरदार अमरजीत सिंह 3. श्री अमरजीत सिंह पुत्र श्री करम सिंह 4. श्रीमती कंवलजीत कौर पत्नी श्री अमरजीत सिंह निवासीगण- स्टेशन रोड, भीमगंजमण्डी कोटा के पक्ष में जारी किया गया था। आवेदित भूखण्ड का भू-उपयोग कोटा शहर के अनुमोदित मास्टर/जोनल प्लान अनुसार व्यवसायिक (फुटकर व्यापार व सामान्य वाणिज्यिक) प्रयोजनार्थ निर्धारित है। आवेदक द्वारा प्रस्तुत उक्त आवेदन अनुसार नगर निगम, कोटा में उक्त भूखण्ड क्षेत्रफल 873..36 वर्गफीट के आवासीय से मिश्रित प्रयोजनार्थ भूउपयोग परिवर्तन की कार्यवाही की जा रही है।

अतः उपरोक्तानुसार भूखण्ड के आवासीय से मिश्रित प्रयोजनार्थ भूउपयोग परिवर्तन बाबत् किसी व्यक्ति/संस्था आदि या अन्य किसी को भी, जो उक्त भूखण्ड से सम्बन्ध रखता हो, को कोई आपत्ति हो तो विज्ञप्ति जारी होने के अधिकतम 07 दिवस की समयावधि में स्वयं की लिखित आपत्ति उपायुक्त, जोन-द्वितीय, नगर निगम, कोटा, कक्ष संख्या 312, राजीव गांधी भवन, दशहरा मैदान, कोटा के समक्ष प्रस्तुत करने का श्रम करें। उक्त निर्धारित समयावधि के पश्चात् कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी। उपायुक्त नगर निगम, कोटा

'संघ का विचार भारत के सत्य सनातन का विचार है' : मुरलीधर

- राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ, कोटा महानगर द्वारा शताब्दी वर्ष के कार्यक्रमों को लेकर जनगोष्ठी आयोजित

कोटा, (निसं)। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में कोटा महानगर में शिक्षा क्षेत्र के प्रमुख जनों की एक प्रमुखजन गोष्ठी का आयोजन गुरुवार को कोटा महानगर में किया गया। कार्यक्रम में कोटा के प्रमुख शिक्षण संस्थानों-भारतीय सूचना प्रौद्योगिकी संस्थान, राजस्थान तकनीकी विश्वविद्यालय, कोटा विश्वविद्यालय, कृषि विश्वविद्यालय, राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय, राजकीय एवं निजी महाविद्यालयों के कार्यरत एवं सेवानिवृत्त आचार्य, प्राध्यापक, शोधार्थी एवं अधिकारीगणों की सहभागिता रही। मंचस्थ मुख्यवक्ता राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के च